# स्कूल ऑफ हेल्थ साइंसेस

# सेवा पखवाड़ा

## नि:शुल्क औषधि वितरण शिविर का आयोजन (04.10.2025)




माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदया श्रीमती आनंदी बेन पटेल जी की प्रेरणा से एवं विश्वविद्यालय के यशस्वी कुलपति प्रो० विनय कुमार पाठक के मार्गदर्शन में आज दिनांक 04 अक्टूबर 2025, दिन शनिवार को छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर में सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस एवं प्रो० (डा०) संजय काला प्रधानाचार्य जी.एस.वी.एम. मेडिकल कॉलेज कानपुर एवं डा० तनु मिढा विभागाध्यक्ष, डिपार्टमेन्ट ऑफ कम्यूनिटी मेडिसिन, जी.एस.वी.एम. मेडिकल कॉलेज कानपुर के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य केन्द्र में एनीमिया से ग्रस्त मरीजों के लिये नि:शुल्क औषधि वितरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य डा० वंदना पाठक, एवं संस्थान के निदेशक डा० मुनीश रस्तोगी, वरिष्ठ शिक्षिका डा० वर्षा प्रसाद ने फीता काटकर किया। इस कार्यक्रम में लगभग 100 एनीमिया ग्रस्त महिलाओं एवं बालिकाओं को नि:शुल्क दवाइयों का वितरण किया गया।



### सौ एनीमिया ग्रसित महिलाओं को दी दवाएं

कानपुर। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) के स्कूल ऑफ हेल्थ साइंसेज के स्वास्थ्य केंद्र में जीसीवीएम मेडिकल कॉलेज की ओर से एनीमिया से ग्रस्त मरीजों के लिये नि:शुल्क औषधि वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शुभारंभ वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य डॉ. वंदना पाठक, स्कूल निदेशक डॉ. मुनीश रस्तोगी, डॉ. वर्षा प्रसाद ने किया। शिविर में 100 एनीमिया ग्रस्त महिलाओं एवं बालिकाओं को नि:शुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। डॉ. वंदना पाठक ने एनीमिया के इलाज के बारे में बताया। डॉ. समरजीत कौर, डॉ. अश्विनी कुमार सेठ, डॉ. सौम्या गुप्ता आदि ने दवाएं वितरित की।

### एनीमिया से पीड़ित महिलाओं को बांटी मल्टी विटामिन, आयरन और कैल्शियम की दवाएं

कानपुर, 4 अक्टूबर। सीएसजेएमयू में सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस के स्वास्थ्य केन्द्र में एनीमिया से ग्रस्त मरीजों के लिये नि:शुल्क औषधि वितरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य डा. वंदना पाठक ने फीता काट कर किया। वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्या डा. वन्दना पाठक ने महिलाओं को एनीमिया संबंधित विस्तृत जानकारी देते हुये एनीमिया उपचार के उपाए बताये तथा उन्होंने कहा कि हमें बाहर की अस्वच्छ एवं विषाक्त सब्जियों जोकि विभिन्न प्रकार के फास्ड फूड में प्रयुक्त होती हैं। खाने से बचना चाहिये। घर पर ही मौसमी सब्जियाँ पकाकर खाना चाहिये। उन्होंने यह भी बताया कि लोहे के बर्तन में खाना बनाकर खाने से एनीमिया रोकने में मदद मिलती है। डा. समरजीत कौर, डा. अश्विनी कुमार सेठ, डा. सौम्या गुप्ता, डा. फिरदौस फातिमा, डा. निखिल पाल ने एनीमिया के उपचार से सम्बन्धित विभिन्न औषधियों जिसमें मल्टीविटामिन, आयरन, कैल्शियम, फोलिक एसिड आदि का वितरण किया। डा. समरजीत कौर ने एनीमिया से बचने के लिये विभिन्न प्रकार के सुझाव बताए जैसे कि घरेलू नुस्खे, दिनचर्या और शारीरिक व्यायाम के माध्यम से भी एनीमिया को रोका जा सकता है। इस दौरान निदेशक डा. मुनीश रस्तोगी, डा. वर्षा प्रसाद, सहा. आचार्य विश्वदीप मिश्रा, सहायक निदेशिका डा. हिना वैश्य, धीरज कुमार, श्रीमती नेहा शुक्ला, डॉ. अनामिका दीक्षित, सुश्री आमिना जैदी, डॉ. अल्का कटियार, शिवम कुमार, सुश्री यशवी गुप्ता, एवं रेशू यादव आदि शिक्षकगण उपस्थित रहे।


### महिलाओं को निशुल्क दवाएं दीं

KANPUR (4 Oct): सेवा पखवाड़ा के तहत छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस में एनीमिया ग्रस्त महिलाओं के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया. जिसमें 100 फीमेल को फ्री दवाएं दी गईं. कैंप का शुभारंभ वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य डॉ. वंदना पाठक, एवं संस्थान के निदेशक डॉ. मुनीश रस्तोगी, शिक्षक डॉ. वर्षा प्रसाद ने किया. शिविर का आयोजन स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस एवं जींएसवीएम मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल प्रो. संजय काला और मेडिकल कालेज के कम्यूनिटी मेडिसिन विभाग की अध्यक्ष डॉ. तनु मिढा की ओर से किया गया. मेडिकल कालेज की डॉ. समरजीत कौर, डॉ. अश्विनी कुमार सेठ, डॉ. सौम्या गुप्ता, डॉ. फिरदौस फातिमा, डॉ. निखिल पाल ने शिविर में सहयोग किया.

वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्या डा0 वन्दना पाठक ने महिलाओं को एनीमिया (रक्ताल्पता) से संबंधित विस्तृत जानकारी देते हुये एनीमिया उपचार के उपाए बताये तथा उन्होंने कहा कि हमें बाहर की अस्वच्छ एवं विषाक्त सब्जियों जोकि विभिन्न प्रकार के फास्ड फूड में प्रयुक्त होती हैं को खाने से बचना चाहिये एवं घर पर ही मौसमी सब्जियाँ पकाकर खाना चाहिये। उन्होंने यह भी बताया कि लोहे की बर्तन में खाना बनाकर खाने से एनीमिया रोकने में मदद मिलती है।

जी.एस.वी.एम. मेडिकल कॉलेज के कम्यूनिटी मेडिसिन विभाग की हेड डा० तुन मिढा एवं उनकी टीम डा० समरजीत कौर, डा० अश्विनी कुमार सेठ, डा० सौम्या गुप्ता, डा० फिरदौस फातिमा, डा० निखिल पाल ने एनीमिया के उपचार से सम्बन्धित विभिन्न औषधियों जिसमें मल्टीविटामिन, आयरन, कैल्शियम, फोलिक एसिड आदि का वितरण किया। डा० तनु मिढा ने एनीमिया से बचने के लिये विभिन्न प्रकार के सुझाव बताए जैसे कि घरेलू नुस्खे, दिनचर्या, और शारीरिक व्यायाम के माध्यम से भी एनीमिया को रोका जा सकता है।

स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस के निदेशक डा० मुनीश रस्तोगी जी ने स्वास्थ्य केन्द्र में होने वाले समाज सेवी कार्यों के लिये डा० वंदना पाठक जी के मागदर्शन एवं जी.एस.वी.एम. मेडिकल कॉलेज की टीम के निरंतर सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन संस्थान के सहायक आचार्य श्री विश्वदीप मिश्रा द्वारा किया गया।


**एनीमिया ग्रस्त महिलाओं को बांटीं दवाइयां**

कानपुर। छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय में सेवा पखवाड़ा के तहत शनिवार को स्कूल ऑफ हेल्थ साइंसेस में औषधि वितरण शिविर आयोजित हुआ। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के सहयोग से आयोजित शिविर में एनीमिया ग्रस्त 100 से अधिक महिला मरीजों को निशुल्क दवाइयां दी गईं। वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य डॉ. वंदना, डॉ. समरजीत कौर, डॉ. अश्विनी कुमार सेठ, डॉ. सौम्या गुप्ता, डॉ. फिरदौस फातिमा, डॉ. निखिल पाल, मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजय काला, डॉ. मुनीश रस्तोगी, डॉ. वर्षा प्रसाद आदि मौजूद रहीं। (संवाद)

इस अवसर पर संस्थान की सहायक निदेशिका डा० हिना वैश्य एवं सहायक निदेशक श्री धीरज कुमार, श्रीमती नेहा शुक्ला, डॉ. अनामिका दीक्षित, सुश्री आमिना जैदी, डॉ. अल्का कटियार, श्री शिवम कुमार, सुश्री यशवी गुप्ता, एवं सुश्री रेशू यादव आदि शिक्षकगण उपस्थित रहे।













